# कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,

**23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोडः– 211002**

**दूरभाष सं0 / फैक्स नं0:– 0532 2467504, 0532 2466769 Website: http:\\updeled.gov.in**

**ई–मेल आई डीः– secretarypnp.up@gmail .com, uptethelpline@gmail.com**


## विज्ञप्ति

**उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET) 2019** के सम्बन्ध में पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति के क्रम में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि, शासनादेश सं0 948 / अरसठ–4–2019–2750 / 2012 दिनांक 20.12.2019 द्वारा दिनांक 22.12.2019 को आयोजित होने वाली उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा 2019 अपरिहार्य कारणों से निरस्त करते हुए, आगामी परीक्षा तिथि शीघ्र घोषित किये जाने के निर्देश दिये गये थे। उक्त के क्रम में शासनादेश सं0 965 / अरसठ–4–2019–2750 / 2012 टी0सी0–I बेसिक शिक्षा अनुभाग–4, लखनऊ दिनांक 30.12.2019 द्वारा अनुमोदित संशोधित परीक्षा कार्यक्रम (समय–सारिणी) के अनुसार **उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET) 2019 जनपद स्तर पर दिनांक 08.01.2020 को पूर्व निर्गत प्रवेश पत्र एवं पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर निम्न कार्यक्रम के अनुसार सम्पादित होगी** –

| दिन तथा तिथि | | विषय | समय |
|---|---|---|---|
| **बुधवार** | **08.01.2020** | प्राथमिक स्तर (कक्षा I-V) प्रथम पाली | प्रातः **10:00 से 12:30** बजे तक |
| **बुधवार** | **08.01.2020** | उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा VI-VIII) द्वितीय पाली | मध्याह्न **02:30 से 05:00** बजे तक |

उक्त् परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को निम्नवत् निर्देशित किया जाता है –

1. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने अद्यतन् अपना प्रवेश पत्र निर्धारित वेबसाइट http://updeled.gov.in के माध्यम से डाउनलोड नहीं किया है, वह दिनांक 01.01.2020 के अपराह्न से अपना ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है।
2. **अभ्यर्थी पूर्व निर्गत ऑनलाइन प्रवेश पत्र से दिनांक 08.01.2020 को आयोजित उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा 2019 में सम्मिलित हो सकते हैं, अतः ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा पूर्व परीक्षा तिथि 22.12.2019 का ऑनलाइन प्रवेश पत्र पूर्व में डाउनलोड किया जा चुका है, उन्हें नवीन प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की आवश्यकता नहीं हैं।**
3. परीक्षार्थी परीक्षा हेतु निर्गत किये गये ऑनलाइन प्रवेश पत्र पर अंकित दिशानिर्देशों का भली–भॉति अध्ययन कर लें, एवं दिये गये दिशानिर्देशों का अनुश्रवण सुनिश्चित करते हुए सम्बन्धित अभिलेखों के साथ परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित हों। **दिये गये निर्देशों का पालन नहीं करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा** जिससे अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित हो सकते हैं, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा।
4. अभ्यर्थी को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वह परीक्षा अवधि में प्रदान किये गये **प्रश्न पुस्तिका पर अंकित महत्वपूर्ण अनुदेशों का भली–भॉति अध्ययन कर लें**, एवं दिये गये अनुदेशों के अनुसार ही उत्तर पत्रक (O.M.R.) पर उत्तर अंकित करें।

उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा 2019 के सम्बन्ध में पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति में दिये गये निर्देश यथावत् रहेंगे।

31/12/19

**(राजशेखर सिंह)**
**रजिस्ट्रार**
**कृते सचिव**
**परीक्षा नियामक प्राधिकारी**
**उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।**

**पृ0सं0 / गोप0 / टी0ई0टी0 19 /** 20628-638 **/ 2019–20 दिनांक** 31/12/2019

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**